>

Title: Need to shut down or shift coal dumping yard situated in Lohardaga district, Jharkhand -laid.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मैं सरकार का ध्यान झारखंड राज्य के लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के गांव बड्कीचांपी गॉव में चल रहे कोयला डम्पिंग यार्ड की वजह से क्षेत्रीय जनता को हो रही समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं ।

बड़कीचांपी गांव में पिछडे डेढ़ से 2 साल से कोयला डंपिंग यार्ड का कारोबार चल रहा है, डंपिंग यार्ड के कारोबार से आसपास के गांव के हजारों लोग प्रभावित हो रहे हैं । बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों की जान माल का भी नुकसान हो रहा है, स्थानीय लोगों की सेहत पर दुष्प्रभाव हो रहा है साथ हजारों गाड़ियों के आवागमन से अक्सर दुर्घटना होती रहती है । इसके संचालन से स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी नहीं मिल पा रहा है । वहीं प्रदूषण रोकने के लिए डंपिंग यार्ड कंपनी द्वारा कोई उचित प्रबंध नहीं किए गए हैं, स्थानीय लोगों ने कई बार इसका विरोध किया है, परंतु न कंपनी द्वारा और न ही प्रशासन द्वारा इसका कोई संज्ञान लिया गया । लगातार खनन नीति के नियमों का उलंघन करते हुए, स्थानीय जनता के जीवन से खिलवाड़ करते हुए यह डम्पिंग यार्ड का कार्य चल रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है, इसलिए जनता की मांग पर इस डपिंग यार्ड को जनहित में बंद कर दिया जाए अथवा अविलंब अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए ।